हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 24 जून 2024

07 विधायक डॉ. शर्मा ने की मुखर्जी की पुण्यतिथि...



08 5 लाख कीमत की एमडी ड्रग्स के साथ पुलिस ने...





### मटकुली के पास सिद्ध बाबा स्थल के समीप हुआ हादसा

## तेज रफ्तार से अनियंत्रित होकर पलटी यात्री बस, घायल 15 यात्री अस्पताल में

नर्मदापुरम जिले के मटकुली के पास स्थित सिद्धबाबा स्थल के समीप तेज रफ्तार से चल रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार करीब 14-15 लोगों को चोट आई है। गंभीर घायल यात्री का उपचार जिला चिकित्सालय में किया गया है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में चार पहिया एवं बड़े वाहनों की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन छोटी बड़ी घटनाएं घटित हो रही है, जो चिंतनीय है। रविवार को नर्मदापुरम जिले के मटकुली क्षेत्र स्थित सिद्ध बाबा के समीप यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस सवार यात्रियों को चोट आई।

हादसे में एक यात्री को सिर में गंभीर चोट होने के कारण जिला चिकित्सालय उपचार के लिए रैफर किया गया है। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है। नर्मदापुरम जिला मुख्यालय से 90 किमी दूर पिपरिया-पचमढ़ी रोड पर एक यात्री बस पलट गई। हादसा रविवार सुबह 11.30 बजे मटकुली के पास सिद्धबाबा के पास जंगल में पहाड़ी क्षेत्र में हुआ, जो सड़क से नीचे पलटकर गिर गई। दुर्घटना में 4 साल की बच्ची समेत 14यात्री घायल गए। जिन्हें पिपरिया अस्पताल भिजवाया गया। बस क्रमांक एमपी 05 पी 0452 जो की बोदल कच्छार छिंदवाड़ा से पिपरिया आ रही थी। मटकुली से 5 किमी दूर सिद्ध बाबा की पास पहाड़ी क्षेत्र में बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में 15 से 16 सवारी बैठी थी। बस पलटने से 14 सवारी को चोटे आई। मौके पर थाना स्टेशन रोड पुलिस ने घायलों को 108 एव 100 डायल की मदद से सिविल अस्पताल पिपरिया भेजा। बस दुर्घटना में कोई जन हानि नहीं हुई है। मौके पर पुलिस बल तैनात है। घटना स्थल पर एसडीओपी पिपरिया मोहित कुमार यादव एवं थाना स्टेशन रोड पिपरिया एसआई शरद बर्डे मौके पर पहुंचे है। हादसे में परतला निवासी कार्तिका पिता हरिओम (4) को सिर में चोट आई है, इसलिए उसे सीटी स्कैन के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। नागरिकों का कहना है कि संबंधित विभाग को वाहनों की रफ्तार को रोकने के लिए कार्रवाई करना चाहिए। ताकि ऐसी घटनाओं की पुनर्रावृत्ति न हो।

**बस दुर्घटना में घायल होने वाले यात्री**

- मीराबाई पति सुखराम पगारे(50) निवासी भगत सिंह वार्ड नाले के ऊपर पिपरिया।
- लताबाई पति सुरेश अहिरवार (38) निवासी ग्राम चावलपानी जिला छिंदवाड़ा।
- संजना धुर्वे पिता रामस्वरूप धुर्वे (12) निवासी झिरपा थाना माउलझीर जिला छिंदवाड़ा।
- सोनम पति रामस्वरूप उइके (35) निवासी ग्राम पुरतला झिरपा थाना माउलझीर।
- सुमित्रा बाई पति मुरारीलाल प्रधान (45) निवासी ग्राम पनारी पिपरिया।
- रामस्वरूप पिता विपतलाल धुर्वे (32) निवासी पुरतला झिरपा थाना माउलझीर
- हेमराज पिता बाबूलाल मेहरा (44) निवासी झिरपा मउलझीर।
- राधा पिता सुखपाल इरपाची (18) निवासी खूनिया चावलपानी।
- किरण पिता अशोक राय (18) निवासी खूनिया चावलपानी।
- पतिबाई पति क्रेश ठाकुर (40) निवासी ग्राम देहखोह माउलझीर।
- तुलाराम पिता राधेलाल बारसिया (45) निवासी मानेगांव थाना माउलझीर।

## आबकारी टीम ने अवैध शराब के ठिकानों पर की छापामार कार्रवाई, आरोपियों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



आबकारी विभाग ने अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान के अंतर्गत 75 हजार का महुआ लहान एवं हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त करने में सफलता हासिल कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

विदित हो कि आबकारी आयुक्त ग्वालियर द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाकर कार्रवाई के निर्देश के अंतर्गत रविवार को सुबह कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में नर्मदापुरम शहर के बंगाली कॉलोनी, मछली बाजार ईदगाह क्षेत्रों में अवैध मदिरा परिवहन, संग्रहण, विक्रय एवं निर्माण के विरुद्ध वृत नर्मदापुरम ए टीम द्वारा करवाई की गई जिसमें लगभग 700 किग्रा अवैध महुआ लहान लावारिस अवस्था में बरामद कर जप्त कर नष्ट किया गया एवं 45 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त की गई। अज्ञात आरोपियों की तलास की जा रही है। वहीं चार आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम 34 (1) क के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यालय में पेश होने के लिए जमानत मुचलके पर छोड़ा गया। इस कार्यवाही में जप्त कुल महुआ लाहन एवं महुआ शराब की कुल कीमत 75 हजार रुपए आंकी गई है। उक्त कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक नर्मदापुरम ए वासुदेवाचार्य त्रिपाठी,प्रधान आरक्षक रामदत्त शर्मा, रघुवीर निमोदा, आरक्षक नर्मदाप्रसाद मेहरा, विकास लोखंडे, भावना तिवारी के साथ सैनिक मोहनलाल का योगदान था। आबकारी विभाग नर्मदापुरम द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान के अंतर्गत निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

### पल्स पोलियो अभियान : जिला अस्पताल पहुंचकर नपाध्यक्ष ने नौनिहालों को पिलाई दो बूंद जिदंगी की

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 23 से 25 जून 2024 तक संचालित होगा। जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा नन्हें मुन्ने बच्चों को पल्स पोलिया की दवा पिलाई गई। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा, जयबाला निगम, सीएमएचओ दिनेश देहलवार, सीएस सहित अस्पताल स्टाफ उपस्थित था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष यादव ने कहा कि नन्हें मुन्ने बच्चों को पोलिया की दवा अवश्य पिलाएं। यात्रियों और अन्य नागरिकों के लिए जगह जगह बूथ बनाए गए हैं। कहीं अपने 0-5 वर्ष तक के बच्चों को पोलिया की दवा पिला सकते हैं। यह अभियान आज से प्रारंभ हो गया हे जो कि 25 जून तक चलेगा। अभियान अंतर्गत पोलियो बूथ प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगा।



## प्रतिभाशाली बच्चों ने किए 10 मिनट में 150 जटिल प्रश्न

**कौन बनेगा मैथ्स का चैंपियन प्रतियोगिता संपन्न**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संस्था कौशल श्री विकास समिति द्वारा कौन बनेगा मैथ्स का चैंपियन प्रतियोगिता नर्मदा वैली इंटरनेशनल स्कूल में संपन्न कराई गई। कार्यक्रम के अतिथि शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक जैन ने कहा की मैथ्स अकाउंटेबिलिटी से बच्चों के ब्रेन का विकास होता है इसकी नियमित प्रैक्टिस से बच्चों में कॉन्फिडेंस लेवल एवं कंसंट्रेशन पावर का भी विकास होता है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अजय सैनी ने कहा की ऐसी प्रतियोगिताएं निरंतर होती रहना चाहिए। इससे बड़े प्रतियोगियों में बच्चों को साहस प्राप्त होता है। नर्मदा वैली स्कूल के प्राचानर्य इमरान खान ने कहा कि प्रतियोगिताओं से ही बड़ी प्रतियोगिता जीती जाती है। आयोजन समिति के मनीष बिल्लौरे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में 3 अलग-अलग लेवल पर बच्चों को जोड़ घटाना गुणा एवं भाग के जटिल 150 प्रश्न 10 मिनट में सॉल्व करने थे जो बखूबी कई बच्चों ने समय पर सॉल्व किया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समाजसेवी अजय सैनी, नर्मदा वैली स्कूल डायरेक्टर मनीष अग्रवाल, विकल्प डेरिया, डीएस दांगी, इमरान खान, सतीश बिल्लौरे, संतोष राजपूत, भूपेश थापक, रमन बबर, बच्चे एवं उनके अभिभावक मौजूद रहे।

## युवाओं ने नर्मदा तट पर स्वच्छता अभियान को दी गति



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा नदी के परमहंस घाट पर रविवार को जय हो समिति द्वारा प्रातः स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके तहत नदी की सफाई की गई। जिसमें पानी में से कचरा, पालिथीन, कांच की बोतल, सड़े हुए कपड़े, जलकुम्भी एवं अन्य जलीय घास को निकालकर नदी की सफाई की।

साथ ही कचरे एवं जलकुम्भी को एकत्तरित कर नष्ट किया गया। समिति के सदस्यों द्वारा बताया कि हमें पर्यावरण को कैसे स्वच्छ रखना है। अगर हम अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखेंगे, हम उतना ही स्वस्थ होंगे। जिससे बीमारी नहीं होगी। नर्मदा नदी की साफ सफाई कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष अर्पित मालवीय सहित समिति के अनिल मिश्रा, सुरेश शर्मा, विवेक वर्मा, किशन सराठे, विकास गुप्ता, अंकित वर्मा, संजु प्रजापति, कपिल तोमर, सुजीत कैथवास, अंकित सागर, सागर पटैल, अनुराग वर्मा, जतिन यादव उपस्थित रहे।

### आज होगी विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**नर्मदापुरम।** प्रभारी अपर मुख्य सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण एवं विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु जनजाति विभाग नर्मदापुरम संभाग अजीत केसरी की अध्यक्षता में नर्मदापुरम संभाग के जन प्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक का आयोजन अपरान्ह 1 बजे से कलेक्टर कार्यालय स्थित रेवा सभाकक्ष में किया जाएगा। बैठक में नर्मदापुरम संभाग के हरदा, नर्मदापुरम एवं बैतूल जिले के कलेक्टर्स एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहेंगे।

## राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा 2024 की प्रारंभिक परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण संपन्न

**पहली पारी में 2252 और दूसरी पारी में 2232 परीक्षार्थियों ने किया पर्चा हल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मध्यप्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा 2024 की प्रारंभिक परीक्षा रविवार 23 जून को 7 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई। निर्धारीत 7 केंद्रों पर दो पालियों में शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार नियुक्त सभी विशेष वाहक दल एवं उड़नदस्ता दल द्वारा निर्धारित केंद्रों में लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। शासन द्वारा नर्मदापुरम संभाग के लिए नियुक्त सेवानिवृत्त आईएएस राजकुमार पाठक द्वारा भी परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। डिप्टी कलेक्टर एवं एमपीपीएससी 2024 की परीक्षा प्रभारी डॉ बबीता राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में परीक्षा का सफल आयोजन किया गया है। प्रथम पाली में 7 परीक्षा केंद्रों पर कुल दर्ज 3072 परीक्षार्थियों में से 2252 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। कुल 820 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 2232 परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा दी गई। 840 परीक्षार्थी दूसरी पाली में अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों में नियुक्त केन्द्र अध्यक्षों नें परीक्षा के दौरान कड़ी निगरानी रखी। उडनदस्ता दल द्वारा लगातार परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। किसी भी आकस्मिक स्थिति के लिए एक मेडिकल टीम उपस्थित रही। परीक्षा के पूर्व तक प्रश्न पत्रों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए केन्द्र अध्यक्षों एवं विशेष वाहक दल के अधिकारियों ने विशेष सतर्कता रखी। सभी परीक्षा केंद्रों में पुलिस बल तैनात रहा एवं परीक्षा अवधी में परीक्षा केन्द्र परिसर में परीक्षार्थियों एवं परीक्षा में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अतिरिक्त अन्य अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहा।



### अभियान के तहत जारी है तालाबों का जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सोजान सिंह रावत द्वारा अवगत कराया गया कि अभियान अंतर्गत तालाबों का जीर्णोद्धार भी करवाया जा रहा है। पूर्व से निर्मित तालाबों से निकलने वाली गाद व मिट्टी खेतों के लिये अमृत समान होती है।

ऐसी स्थिति में कृषक उक्त मिट्टी का उपयोग करना चाहते है परंतु उनके मन में उपयोग को लेकर संशय रहता है। ऐसी स्थिति में यह स्पष्ट होना चाहिये कि प्रमुख सचिव म.प्र. शासन खनिज विभाग द्वारा नवीन निर्देश जारी किये गये है। जिनमें स्पष्ट किया गया है कि मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 1996 के नियम 68(6) (ग) में प्रावधान है कि ग्राम स्तरीय संगठनों अथवा कृषकों द्वारा जल संरचनाओ की कीचड़/गाद/मिट्टी का उपयोग संबंधित शासकीय विभाग अथवा ग्राम पंचायत से अनुमति प्राप्त कर किया जा सकता है। इसमें भी किसी प्रकार की रायल्टी भुगतान अथवा परिवहन अनुज्ञा प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होगी।

### डॉ मुखर्जी के सपनों को साकार करने का लिया संकल्प, प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए

## भाजपाईयों ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जनसंघ के संस्थापक भाजपा के पितृपुरुष डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर रविवार सुबह भाजपा नर्मदापुरम के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सातरास्ते स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने जहां हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है जैसे नारे लगाएं।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री प्रसन्ना हर्णे, संभागीय कार्यालय प्रभारी हंस राय, नपाध्यक्ष नीतू यादव, नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील राठौर, कोषाध्यक्ष लोकेश तिवारी, कार्यालय मंत्री प्रशांत दीक्षित, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे, मंडल महामंत्री पूनमचंद मेषकर, नगरमंत्री मनीष परदेशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार चौकसे, मुकेश नागर, अनिल दुबे, वंदना दुबे, प्रशांत तिवारी, सत्या चौहान, श्रीराम सागर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### वार्ड 27 बूथ क्रमांक 56 पर पं. श्याम प्रसाद मुखर्जी का स्मृति दिवस मनाया



भाजपा के पितृ पुरुष पं. श्याम प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस पर संगठन द्वारा सौंपे दायित्व का निर्वहन करते हुए नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव वार्ड 27 बूथ क्रमांक 56 पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुई। उन्होंने वहां के नागरिकों को पं. मुखर्जी के सपनों से अवगत कराया। नपाध्यक्ष यादव ने बताया कि जम्मू-कश्मीर को भारतीय संविधान के दायरे में लाने और एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान (झंडा) के विरोध में सबसे पहले आवाज उठाने वाले भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस है। उनका यह स्वप्न स्वतंत्रता प्राप्ति के सात दशक बाद तब पूरा हुआ जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने वर्ष 2019 में संसद में संविधान के अनुच्छेद 370 एवं 35ए को समाप्त करने का विधेयक पारित कराया। इसके बाद ही जम्मू-कश्मीर भारत देश का सही मायनों में अभिन्न अंग बना। भाजपा द्वारा सतरस्ते पर पं. मुखर्जी की प्रतिमा स्थल पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री प्रसन्ना हर्णे, संभागीय कार्यालय प्रभारी हंस राय, नपाध्यक्ष नीतू यादव, नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील राठौर, कोषाध्यक्ष लोकेश तिवारी, कार्यालय मंत्री प्रशांत दीक्षित, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे, मंडल महामंत्री पूनमचंद मेषकर, नगरमंत्री मनीष परदेशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार चौकसे , मुकेश नागर, अनिल दुबे , वंदना दुबे, प्रशांत तिवारी, सत्या चौहान, श्रीराम सागर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। संगठन के निर्देश पर नपाध्यक्ष यादव और उपाध्यक्ष अभय वर्मा द्वारा वार्ड 27 के बूथ क्रमांक 56 पर पहुंचकर पं. श्यामप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद बिंदिया मांझी, संतोष मांझी, सुनीता मांझी, संगीता सिंगारिया, कृष्णा मांझी, रजनी मांझी, मंजू मांझी, कृष्णाबाई, कोमल सिंघारिया और बूथ अध्यक्ष राहुल कहार उपस्थित रहे। वार्ड के स्व. जमना प्रसाद मांझी की स्मृति में मां नर्मदा किनारे विल्वपत्र का पौधा रोपा तथा उन्होंने स्थानीय लोगों से पौध संरक्षण की बात कहीं। उन्होंने कहा कि जब तक यह पौधा वृक्ष नहीं बन जाता तब तक इसकी देखभाल की जिम्मेदारी आपकी है।

## दो बूंद जिंदगी की पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का किया गया शुभारंभ

# एक लाख 18 हजार 216 बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवा, दो दिन और पिलाएंगे दो बूंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा रविवार को जिले में राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रविकांत उईके ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर के नवीन भवन में प्रातः 7-30 बजे नवजात शिशुओं को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के प्रारंभ में हर्षा पिता अजय खरे, प्रीति पिता राहुल राठौर, माया पिता अजय खरे, प्रियांशु पिता दर्शन पंद्राम को दो बूंद जिंदगी की पोलियो की खुराक दी गई। प्रथम दिवस रविवार को लगभग 1 लाख 18 हजार 216 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।

### पोलियो की दवा से बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता

*डॉ.उइके ने बताया कि पोलियो एक गंभीर बीमारी है, जो वायरस के कारण होती है, आसपास के पड़ोसी देशों में पोलियो के केस मिल रहें हैं, इसलिये हमें बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखना है।*

### मुख्यमंत्री की अपील का किया वाचन

*नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अर्द्ध शासकीय पत्र की अपील 0 से 5 वर्ष का एक भी बच्चा पोलियो खुराक लेने से न छूटे ऐसा प्रयास करें, टीकाकरण चाही गई आवश्यकता हो थोपी गई नहीं के प्रसार का सार्थक प्रयास करें का वाचन किया गया।*

### पोलियो पिलाकर बच्चों को विकलांग होने से बचाएं, जीवन संवारे

*नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती बारस्कर ने कहा कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में जन्म से 5 वर्ष आयु के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ में जाकर दो बूंद जिंदगी की अवश्य पिलाएं और जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने में अपना योगदान दें। जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे ने कहा कि दो बूंद जिंदगी की पिलाकर अपने बच्चों को विकलांग होने से बचाएं एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्राम पंचायत, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता ऐसा प्रयास करें कि कोई भी बच्चा छूट न पाये।*

## 1 लाख 68 हजार 416 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य



जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एके भट्ट ने बताया कि जिले में अभियान 25 जून तक चलाया जाएगा। अभियान के माध्यम से 0 से 5 वर्ष तक के अनुमानित शहरी क्षेत्र के 22 हजार 904 एवं ग्रामीण क्षेत्र के 1 लाख 45 हजार 512 कुल 1 लाख 68 हजार 416 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि 236 शहरी एवं 1683 ग्रामीण कुल 1909 पोलियो बूथ पर 4036 कर्मचारी द्वारा पोलियो की दवा पिलाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजीव कहार, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ.अशोक बारंगा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश परिहार, आरएमओ डॉ.रानू वर्मा, जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ.आनंद मालवीय, एसएमओ डब्ल्यूएचओ डॉ.अविनाश कनेरे, डीपीएम डॉ.विनोद शाक्य, उप जिला मीडिया अधिकारी महेशराम गुबरेले, प्रभारी परिवार कल्याण कार्यक्रम भगत सिंह उइके, हॉस्पिटल मैनेजर दशन पंद्राम, आरबीएसके मैनेजर योगेन्द्र दवंडे, डाटा मैनेजर तापीदास चढ़ोकार, एपीएम शहरी क्षेत्र बैतूल प्रकाश माकोड़े, जिला चिकित्सालय की नर्सिंग ऑफिसर, धात्री माताएं मौजूद रही।

## पोलियो बच्चों के लिए, अभिशाप इसे खत्म करना जरूरी



बैतूल। पोलियो बच्चो के लिए एक अभिशाप था। जिसे भी शिकार करता उसकी जिंदगी नर्क हो जाती। शरीर नाकाम हो जाता। पोलियो एक संक्रामक रोग है, जो वायरस के कारण होता है। इसके उन्मूलन हेतु प्रदेश में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 23 से 25 जून को जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है इसी क्रम में डॉक्टर जाकिर हुसैन वार्ड भाग एक की आगनबाड़ी में अभिनव कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे जो भी बच्चे पोलियो ड्राप पीने गए उनके चेहरों पर मुस्कान आ गई यहां पोलियो दवा पिलाओ गुब्बारे व ड्रायफूड पाओ योजना लागू की गई। मां शारदा सहायता समिति व ताप्ती आनंद क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शैलेंद्र बिहारिया, आगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्योति पाटिल, आशा कार्यकर्ता शबाना शेख ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर गुब्बारे व ड्रायफूड बाटे जिससे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान आ गई इस अवसर पर शैलेंद्र बिहारिया ने कहा की पोलियो विश्व के बच्चों के लिए एक अभिशाप है जिसे जड़ से खत्म करना बेहद जरूरी है।

### तीन दिवसीय पोलियो जागरूकता शिविर प्रारंभ

## स्वस्थ भारत स्वस्थ मध्यप्रदेश के निर्माण में योगदान दें: नेहा उईके



*सारनी। आंगनबाड़ी केंद्र में तीन दिवसीय पोलियो जागरूकता शिविर का शुभारंभ रविवार को भाजपा पार्षद नेहा दीपक उइके ने बेटियों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर किया। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग कंचन पांडे आदि ने बताया कि पोलियो सुरक्षा चक्र बनाए रखने के लिए मध्यप्रदेश में 23 से 25 जून तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान आयोजित किया जा रहा है। पार्षद नेहा उइके ने सभी से अपील करते हुए कहा कि समय पर पोलियो ड्रॉप की दो बूंद इस बीमारी से बचाव का सर्वोत्तम उपाय है। इस अभियान से जुड़ें और स्वस्थ भारत, स्वस्थ मध्यप्रदेश के निर्माण में अपना योगदान दें।*

### बच्चों को तिलक लगाकर व पल्स पोलियो की दवा पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ

*शाहपुर। आंगनबाड़ी क्रमांक 1 में रविवार को नगर परिषद अध्यक्ष रोहित (विक्की) नायक ने बच्चों को तिलक लगाकर एवं पोलियो की दवा पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया । नायक शाहपुर क्षेत्र वासियों से जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों नजदीकी पोलियो बूथ पर लाकर दवा पिलाने का आग्रह किया गया।पल्स पोलियो अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्र पतोआपूरा में एएनएम शरेणु बगाहे के द्वारा बच्चों को प्लस पोलियो के दवा पिलाई गई। उन्होंने सुबह 11 बजे तक 68 बच्चों को दवा पिलाई। और उन्होंने बताया कि शाम तक बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई। आंगनबाड़ी केंद्र पतोआपुरा की कार्यकर्ता श्यामा कदम ने बताया कि बच्चों को केंद्र पर दवा पिलाई। सोमवार और मंगलवार को बच्चों के घर-घर जाकर पल्स पोलियो की दवा पिलाएंगे। यह अभियान 23, 24, 25 जून तीन दिन का है। पल्स पोलियो अभियान अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी शिव कुमार रघुवंशी द्वारा बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत सभी गांवों में जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। बस स्टैंड पर बूथ बनकर यात्रा कर रहे छोटे बच्चों को भी पल्स पोलियो की खुराक दी गई है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अनुरोध किया कि अपने जन्म से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा बूथ पर अवश्य पिलाएं।*

---

**खबर संक्षेप**

### एक माह से जगजीवन नगर में नहीं हुई सफाई

**सारनी।** साफ सफाई और स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका परिषद सारनी संभाग में पहले स्थान पर आता है। उसके बाद भी चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 16 के जगजीवन नगर पाथाखेड़ा में टाइप श्री 77, झोपड़ी की गली टाइप श्री 70 से 78, टाइप 4 से 25 से 38 टाइप श्री 64 से 67 में एक माह से साफ सफाई न होने की बात वार्ड वासियों ने बताई है। देवेंद्र भादे, सरोज सिंह का कहना है कि नगर पालिका को वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा के माध्यम से हर वर्ष एक मोटी रकम साफ-सफाई के नाम पर दी जाती है। वार्ड के मिथिलेश सिंह, गोपाल, अनिल का कहना है कि नियमित साफ सफाई न होने के कारण वार्ड वासियों के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की गई थी वार्ड के अक्षर पटेल हिमांशु का कहना है कि साफ सफाई को लेकर सोमवार को नगर पालिका परिषद सारनी के स्वास्थ्य निरीक्षक एवं नगर पालिका अध्यक्ष और सीएमओ से मुलाकात करेंगे। स्वास्थ्य निरीक्षक कमल किशोर भावसार ने कहा, चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 16 के टाइप श्री की शिकायत मिली है। नियमित साफ-सफाई की जाएगी।

## अस्पताल में छोड़कर भागा एंबुलेंस चालक बाहर पड़े तड़पते ने प्रसूता और नवजात

### जिला अस्पताल के गार्ड और वार्ड बॉय लेते रहे नींद





**बैतूल।** सरकारी जिला अस्पताल में एक बार फिर मानवता को शर्मसार करने वाली घटना घटित हुई है। रात्रि 2 बजे प्रसूता और नवजात शिशु को एम्बुलेंस चालक सड़क पर ही छोड़कर भाग खड़ा हुआ तो अस्पताल के गार्ड और वार्ड बाय सोते रहे। करीब आधे घंटे प्रसूता और शिशु सड़क पर पड़े रहे। इसके बाद लोग उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। दरअसल चिचोली से एक नवजात और प्रसूता मीना सुरजाय पति विजय सुरजाय निवासी माडंवदा चिरापाटला को बैतूल जिला चिकित्सालय रेफर किया था। रात 2 बजे बैतूल जिला चिकित्सालय पहुंचा एम्बुलेंस चालक प्रसूता और नवजात शिशु को सड़क पर ही छोड़कर भाग खड़ा हुआ। प्रसूता की हालत गंभीर होने के बावजूद वह सड़क पर पड़ी रही।

**इनका कहना है**

मेरे संज्ञान में यह मामला नहीं है। यदि ऐसा हुआ है तो गलत है। रात्रि में जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगी थी उनसे पूछताछ करेंगे।

**डॉ अशोक बारंगा,**
सीएस जिला चिकित्सालय बैतूल

### आज ट्रैचिंग ग्राउंड कुएं की सफाई की जाएगी

## जल गंगा संवर्धन अभियान में नपा कर्मचारियों ने गोशाला कुएं की सफाई की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए रविवार को श्रमदानियों के साथ सुबह 8 बजे से वार्ड 1 नगर पालिका की गोशाला के सार्वजनिक कुएं की श्रमदान से सफाई की।

सोमवार को नपा कर्मचारियों द्वारा श्रमदान के माध्यम से वार्ड 22 ट्रैचिंग ग्राउंड स्थित सार्वजनिक कुएं की सफाई की जाएगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा जन सहयोग से श्रमदान कर जलस्त्रोतों का पुनर्जीवित किया जा रहा है। जलस्त्रोतों के क्षमतावर्धन के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। यह अभियान 30 जून तक चलाया जा रहा है। नगर पालिका की टीम ने रविवार को सारनी क्षेत्र में वार्ड एक स्थित नगर पालिका गोशाला के समीप बने सार्वजनिक कुएं की सफाई की। गर्मी के दिनों में पेयजल संकट की स्थिति में इसी कुएं से टैंकरों को भरकर पानी सप्लाई किया जाता है। नगर पालिका कर्मचारियों ने कुएं के बाहर लगी झाड़ियों को साफ किया। इसके अलावा पानी के अंदर काफी मात्रा में गंदगी फैल गई थी। इसे भी साफ किया गया। सभी को जलसंरक्षण की शपथ दिलाई गई।

## कोल इंडिया के नियमित व ठेका मजदूरों को भी मिले दुर्घटना बीमा का लाभ : प्रमोद सिंह

सारनी। कोल इंडिया की भूमिगत खदानों में काम करने वाले नियमित एवं ठेका कर्मियों को भी सिंगरैनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड दुर्घटना बीमा का लाभ दिए जाने को लेकर बीएमएस यूनियन के जेसीसी सदस्य के लक्ष्मण रेड्डी ने अध्यक्ष सह-प्रबंध निदेशक को कोलकाता पत्र लिखने का काम किया है। बीएमएस यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिस तरह सिंगरैनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड प्रबंधन ने अपने कर्मचारियों के लाभार्थ जीवन बीमा योजना के अंतर्गत कुछ बैंकरो के साथ समझौता किया है जिसके तहत प्रत्येक स्थायी कर्मचारियों का एक करोड़ और प्रत्येक ठेका कर्मचारियों का 40 लाख का दुर्घटना बीमा शूनय प्रीमियर के साथ किया जा रहा है। इस तरह कोल इंडिया और उसकी अनुसांगी कंपनियों में भी बैंकरो से संपर्क स्थापित कर नियमित और ठेका कर्मचारियों के हितार्थ किया जा सकता है। बीएमएस यूनियन के पाथाखेड़ा क्षेत्र के अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने बताया कि बीएमएस यूनियन के अपेक्स जेसीसी सदस्य के लक्ष्मण रेड्डी के माध्यम से कोल इंडिया के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को कोलकाता पत्र लिखकर सिंगरैनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड की तरह सात राज्यों में संचालित मामलों में मांग की गई है।

## पौधरोपण कर मनाया डॉ मुखर्जी



**सारनी।** शासकीय महाविद्यालय सारनी में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया। महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एवं भाजपा जिला महामंत्री कमलेश सिंह,महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.रश्मि रजक,सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रदीप पैंद्राम ग्राम सलैया के सरपंच मिश्री लाल परते सहित उपस्थित प्राध्यापक एवं छात्र छात्राओं ने डॉ.मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

कमलेश सिंह ने कहा कि स्वतंत्र भारत में देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए प्रथम बलिदान श्यामा प्रसाद मुखर्जी का हुआ। उनके बलिदान के कारण ही आज जम्मू कश्मीर एवं पश्चिम बंगाल भारत में है। शासकीय महाविद्यालय में पदस्थ सहायक प्राध्यापक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप पैन्द्रम ने अपने जन्मदिन पर सौ पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के

## विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है भाजपा



**सारनी।** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल सारनी के मंडल अध्यक्ष मोहन मोरे ने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर संबोधित करते हुए कहा कि एक पौधा मां के नाम आज 23 जून से लेकर 6 जुलाई तक पौधारोपण का लक्ष्य पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। भाजपा ग्रामीण मंडल सारनी के बूथ क्रमांक 26 ग्राम जाजबोडी पर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया एवं प्राथमिक शाला भवन में पीपल और जामुन के पौधे लगाकर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मोहन मोरे ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ.श्याम प्रसाद मुखर्जी ने एक विचारधारा के लिए अपना पूरा अमूल्य जीवन लगा दिया।

### पुलिस ने किया मामला दर्ज

## सास ने बहू पर लगाया दीवार बनाकर बंधक बनाने का आरोप



**बैतूल।** जिला मुख्यालय पर सास-बहू के बीच पारिवारिक विवाद का मामला सामने आया है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें 70 वर्षीय सास लता पति महादेव भार्गव ने अपनी बहू प्राची भार्गव पर घर के सामने दीवार बनाकर बुजुर्ग दंपती को कैद करने का आरोप लगाया था। बुजुर्ग महिला का मामला होने के चलते कलेक्टर पुलिस कर्मियों के साथ पीड़ित वृद्ध एवं बहू के घर पहुंचे और हालात जानने के बाद पुलिस अधिकारियों को निर्देश भी दिए। आवेदिका लता पति महादेव भार्गव टैगोर वार्ड की रिपोर्ट पर थाना गंज में केस दर्ज कर आरोपी प्राची भार्गव एवं उसके बेटे के विरुद्ध जांच शुरू कर दी।

बताया जा रहा है कि बहु प्राची निजी स्कूल का संचालन करती है और उनके पति जितिन भार्गव मर्चेंट नेवी में बैतूल से बाहर कार्यरत है। जितिन भार्गव ने इस विवाद के संबंध में वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर अपनी पत्नी को निर्दोष बताया और कहा, कुछ लोगों के प्रभाव में आकर उनकी माता बहू पर गलत आरोप लगा रही । एसडीओपी बैतूल शालिनी परस्ते ने बताया कि उन्होंने मौके पर टीम भेजी थी। महिला की बहू प्राची भार्गव को भी चेतावनी दी गई है, लेकिन वह पहले दीवार तुड़वाने राजी नहीं थी। उन्हें दीवार तोड़ने के लिए एक दिन का अल्टीमेटम दिया है।

### शनि सरोवर के घाट और ताप्ती सरोवर की दीवारों पर मंडरा रहा है ढहने का संकट

## ताप्ती, शनि सरोवर के घाटों को बचाने के नहीं हो रहे प्रयास

**जर्जर हुए घाट ढहने की कगार पर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई





ताप्ती एवं शनि सरोवर जहां नगर के जल स्त्रोतों का आधार है वही नागरिकों की आस्था का केंद्र भी है किंतु इसके बावजूद घाट के सुधार और संरक्षण को लेकर ना तो राजनीतिक दल के नेता गंभीर दिखाई देते हैं और ना ही नगर प्रशासन। स्थिति यह है कि ताप्ती सरोवर के घाटों की स्थिति निरंतर बिगड़ती जा रही है।

जानकार बताते हैं कि अगर घाट संरक्षण के अनदेखी का यही आलम रहा तो, ताप्ती घाट, एवं शनि सरोवर का बड़ा भाग ढह सकता है । गजानन मंदिर के सामने जुलूस गेट के पास ताप्ती घाट की दीवार का बड़ा हिस्सा बाहर आ गया है जहां जगह-जगह दरारें पड़ गई है । जानकार बताते हैं कि यह स्थिति लंबे समय से है। अगर इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो इस दीवार का बड़ा भाग ढ़ह सकता है। जिसके कारण बड़ा नुकसान हो सकता है। ताप्ती सरोवर के गेट वाले भाग के पास से दसवां घाट के मध्य में ताप्ती सरोवर के पश्चिम भाग वाली दीवार जिससे मुख्य मार्ग जुड़ा है का लगभग डेढ़ सौ मीटर दीवार का भाग पूरब की ओर बाहर आ गया है। किसी बड़े हादसे की संभावनाओं को देखते हुए कई बार नगर पालिका के कर्मचारी ने भी इसकी लिखित सूचना नगरपालिका को दी है। कुछ जनप्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद भी निरंतर घाट निर्माण की मांग करते रहे हैं किंतु कोई नतीजा नहीं निकला।

**शनि सरोवर के घाट ,सुलुश गेट के टॉप का जर्जर होना हो सकता है खतरनाक:** ताप्ती सरोवर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए ताप्ती सरोवर के जल में प्रतिमा, भुजलिया विसर्जन पर प्रतिबंध लगाया गया है ।जिसके कारण धार्मिक आयोजनों में शनि सरोवर की उपयोगिता महत्वपूर्ण हो गई है किंतु बीते कुछ वर्षों में शनि सरोवर का गजानन मंदिर से लेकर छोटे तालाब की पुलिया तक के घाट जिस रफ्तार से जर्जर हुए हैं वह चिंता का विषय है। और समस्या यह भी है कि घाटों को इस वर्ष सुधारा जाना अब संभव भी नहीं है। जानकार बताते हैं कि जिस रफ्तार से घाटों की स्थिति बिगड़ी है अगर इस वर्षा काल में हेवी रेनफॉल होता है तो यह शनि सरोवर के लिए ही नहीं बल्कि नगर के लिए भी खतरनाक हो सकता है। गजानन मंदिर के सामने सुलुश गेट का ऊपरी टॉप क्षतिग्रस्त हो गया है निचले भाग में लोहा जंग खाकर खराब हो गया है इंजीनियरों ने एक वर्ष पूर्व ही इस पुलिया को लेकर चेतावनी दी थी किंतु नगर प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

### जब चुनाव आते हैं तभी याद आती है मां ताप्ती

*पूर्व भाजपा पार्षद हनी सरदार कहते हैं कि लोगों को मां ताप्ती की याद चुनाव के समय ही आती है। उसके बाद मां ताप्ती से जुड़े विकास कार्य याद नहीं आते। राजनीतिक लोग सिर्फ अपने राजनीतिक फायदे के लिए ही मां ताप्ती के नाम का उपयोग करते हैं। 7 साल पहले हमने कर्बला घाट के सुधार कार्य का प्रस्ताव पारित करवाया था। जिस पर अब तक कार्यवाही नहीं हुई जब जब वरिष्ठ अधिकारी आए या बड़े नेता हम लोगों ने ताप्ती के घाटों के संरक्षण का मामला उठाया ।*

**इनका कहना है**

ताप्ती सरोवर एवं शनि सरोवर के घाट के सुधार की योजना बनाई जा रही है। जहां सुधार किया जाना चाहिए उसके एस्टीमेट भी बनाए जा रहे हैं ।


**आर के इवनाती**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुलताई

### डॉ. मुखर्जी का सपना आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में धारा 370 को समाप्त कर साकार हो रहा है

# विधायक डॉ. शर्मा ने की मुखर्जी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित

**डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करके साकार हो रहा है यह बात रविवार को इटारसी में आयोजित डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर संबोधित करते हुए विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कही।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी



भाजपा के पितृपुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी पुण्यतिथि पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करके साकार हो रहा है। विधायक डॉ शर्मा ने कहा, अखंड भारत के स्वप्नदृष्टा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का आज बलिदान दिवस है... आजादी के बाद संविधान के लागू होने के बाद तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार ने संविधान में धारा 370 जोड़कर राष्ट्रीय अखंडता को गंभीर चोट पहुंचाने का प्रयास किया था... तत्कालीन सरकार की इन्हीं मंशाओं को ध्यान में रखते हुए उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना पद त्याग दिया और देश की प्रतिष्ठा और अखंड़ता के लिए कश्मीर से धारा 370 को हटाने के लिए उन्होंने एक व्यापक आंदोलन शुरू किया था। उल्लेखनीय है कि डॉ. मुखर्जी 1953 में बिना परमिट लिए जम्मू-कश्मीर की यात्रा पर निकले थे. पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर नजरबंद कर लिया था। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मौत हो गई थी। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा, भारतीय जनसंघ के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर सत्याग्रह के लिए उन्होंने जो अभियान शुरू किया, इसके लिए उन्हें अपने प्राणों को त्यागना पड़ा। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करके साकार हो रहा है। श्री चौरे ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा देश की एकता और अखंडता के लिए लगातार काम किया गया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन कार्यकर्ताओं के लिए अनुकरणीय है। डॉ. मुखर्जी ने सबसे पहले धारा 370 के खिलाफ आवाज उठाई थी। उन्होंने नेहरू की तुष्टिकरण की नीति का विरोध किया था। साथ ही कश्मीर में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान को लेकर आंदोलन किया था। जिसके परिणाम स्वरूप कश्मीर से परमिट राज खत्म हुआ। इस अवसर पर पूर्व पार्षद भारत वर्मा, एमजीएम कालेज जभागीदारी समिति अध्यक्ष डॉ नीरज जैन, भाजपा नगर महामंत्री राहुल चौरे, पार्षद जिमी कैथवास, नितिन व्यास, अजीत हुरा, गौरव बड़कुर, युवा मोर्चा महामंत्री शुभम राठौड़, आशीष सोनी, शुभम पटेल, कैलाश रैकवार, मनोज बत्रा, रजत शर्मा, अर्जुन भोला, विपिन चांडक सहित अन्य मौजूद थे।

# अश्लील फोटो वायरल करने वाले दो लोगों को किया गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिवनीमालवा



अश्लील फोटो वायरल करना पड़ा भारी युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अश्लील फोटो वायरल करने वाले दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया और पूछताछ कर रविवार को न्यायालय में पेश किया एक आरोपी की तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी उषा मरावी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की एक युवती की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी वायरल फोटो और वीडियो परिजन तक पहुंचे तो थाने पहुंचे और और पूरा मामला थाना प्रभारी को बताया और शिकायत की गई जिसकी शिकायत करने पर पुलिस ने दो आरोपी लोकेश पिता राकेश गौर नीमनपुर, सौरभ पिता मुकेश रघुवंशी रावनपीपल को गिरफ्तार किया और पूछताछ में अपना जुर्म कबूला थाना प्रभारी उषा मरावी ने बताया कि धारा 354 ध 354 ग 506 आईपीसी 67, 67 आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया ओर न्यायालय पेश किया।

## आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य केंद्रों में बच्चों को पिलाई पल्स पोलियो की दवा

**शोभापुर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में आंगनबाडी केंद्रों और उप स्वास्थ्य केंद्र शोभापुर में पल्स पोलियो की दवा पिलाई गई। जन्म से 5 वर्ष के बच्चों को दवा पिलाने के लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम, आशा सुपर वाइजर, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका इत्यादि ने शाम 5 बजे तक उपस्थित होकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई।



## दो दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन आज से



**माखन नगर।** श्री ध्यान योगाचार्य परा विज्ञान विशेषज्ञ एवं मनोचिकित्सक अभिमन्यु द्वारा रोगियों की निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं दर्शन आशीर्वाद का दो दिवसीय कार्यक्रम मंगलदीप मैरिज गार्डन में सोमवार एवं मंगलवार सुबह 9 बजे से प्रातः 11 बजे तक किया जाएगा बताया जा रहा है इस शिविर में असाध्य रोगों का बिना दवा के उपचार किया जाएगा। नगर के नागरिकों एवं समाजसेवियों ने मानव सेवा के इस महाशिवर में पधार कर लाभ उठाने का आग्रह किया है शिविर की सफलता के लिए पंपलेट वितरण कर एवं सोशल मीडिया पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है बताया गया है भारत व यूरोप में इसी चिकित्सा का सफल परीक्षण करके अभिमन्यु जी ने अनगिनत असाध्य रोगियों को रोग मुक्त किया है किया है।

# सांसद ने किसान हित की योजनाओं की ली समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया



विधानसभा क्षेत्र में किसानों के नेता प्रदेश किसान संघ के भाजपा के अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी ने सांसद बनने के बाद पिपरिया जनपद परिसर में समीक्षा बैठक का आयोजन किया जिसमें मुख्य रूप से सांसद दर्शन सिंह चौधरी विधायक ठाकुरदास नागवंशी जनपद अध्यक्ष एवं जनपद उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल अनुविभागीय अधिकारी संतोष तिवारी विद्युत मंडल कंपनी से उपमा प्रबंधन तथा कार्यपालन यंत्री दुर्गेश मंडलोई कृषि विभाग से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी निराली आर्य एवं कृषि उपज मंडी से सहायक संचालक वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीलाल रघुवंशी प्रदीप शर्मा सहित सभी कृषक सेवा सहकारी समिति सेवा सहकारी समितियां के पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रबंधक जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक कमलेश पटेल एवं सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित मध्य प्रदेश विपणन संघ डबल लॉक के प्रबंधक भारत निमोद से सांसद ने जानकारी ली किसानों के लिए यूरिया डीएपी कितनी मात्रा में है उसे दौरान उन्होंने बताया कि एनपी तथा नैनो यूरिया पर विशेष ध्यान देना है। डीएपी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है इसलिए एनपीके का उपयोग करें। अधिकारियों को प्रचार प्रसार करने के लिए किसानों के घर पहुंच कर एनपी तथा नैनो यूरिया के बारे में जानकारी देकर उसका उपयोग करना है।

वहीं पर बिजली विभाग से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि 50 ट्रांसफार्मर अतिरिक्त में स्टॉक में होना चाहिए जिससे कि किसी किसान का यदि ट्रांसफार्मर जल जाए तो तत्काल उपलब्ध होना चाहिए रेगुलर किसानों को किसी तरह की परेशानी ना हो यह बात उन्होंने सभी समिति से कहा कि डिफाल्टर किसानों को डिफाल्टर की सूची से हटाया जाए ताकि उन्हें किसी भी प्रकार से परेशान न होना पड़े।

# न्याय दिलाने के लिए महिला मंडल ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया



नगर पालिका क्षेत्र के सांडिया रोड स्थित प्राचीन शिवालय को रोड चौड़ा होने तथा रोड का पुन निर्माण होने के कारण ठेकेदार के द्वारा हटाया जा रहा है जिसके लिए राजेंद्र वार्ड निवासी महिला मोर्चा पुष्पा पटेल खिलोनी पटेल सुधा सरोज संध्या पटेल जानकीबाई यमुनाबाई रचना शर्मा वर्षा रघुवंशी मनीषा वर्षा राजोरिया सुधा ताराबाई निशा चौधरी मधु पटेल प्रियंका पटेल कमल जगती पूजा चौरसिया प्रेम नारायण प्रेम भगोरिया आदि ने ज्ञापन सोपा है जिसमें उन्होंने कहा है कि राजेंद्र वार्ड में प्राचीन शिवालय हैं जो की सन 1937 से बना हुआ है 2 वर्ष पहले जीर्णोद्धार किया गया है। यहां पर सड़क निर्माण कार्य चल रहा है तथा नाली निर्माण को लेकर अलग से जगह निकली जा रही है जहां पर शिवालय बना हुआ है उसे हटाने की बात की जा रही है अतः शिवालय को धार्मिक आस्था से जुड़ी होने के कारण महिला मंडल ने निवेदन किया है कि इस प्राचीन शिवालय को किसी भी प्रकार की क्षति न पहुंचाई जावे तथा ना ही मंदिर को हटाया जावे इस बात को लेकर उन्होंने सांसद विधायक एवं राजस्व के सभी अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है। इस विषय में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने महिलाओं को आश्वस्त किया है कि यदि वह कहीं बाधा नहीं बन रहा है तो उसे हटाया नहीं जाएगा।

# सिवनीमालवा में बच्चों ने गटकी जिंदगी की दो बूंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा

उप स्वास्थ्य केंद्र हिरनखेड़ा में पोलियो दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत हिरनखेड़ा की सरपंच अमृता लिटोरिया द्वारा बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की गई। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों को बताया कि पोलियो पर जीत के लिए पोलियो दवाई की दो बूंद बहुत जरूरी है। भारत पोलियो मुक्त है, लेकिन पोलियो कुछ देशों में अभी है और फिर लौट सकता है। अपने बच्चों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें। पोलियो की खुराक हर बार दिलायें। पोलियो पर देश की जीत बनाए रखने में हम सभी मिलकर योगदान दें। इस अवसर पर ग्राम पंचायत क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, एएनएम संगीता आठनेरे एवं आशा कार्यकर्ता सागर धनवारे उपस्थित रहीं।

# सिविल अस्पताल में नपाध्यक्ष पिलाई पल्स पोलियो की दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी



राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत इटारसी शहरी क्षेत्र में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय में जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने पोलियो दवा पिलाकर शुभारंभ किया। आईएमके अध्यक्ष डॉ आर दयाल, विधायक प्रतिनिधि भारत वर्मा, तहसीलदार सुनीता साहनी, समाजसेवी संजय मिहानी, डॉ विवेकचरण दुबे, डॉ. रविंद्र गुप्ता, डॉ रवि टिकरिया ने भी 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरके चौधरी ने बताया कि चिकित्सालय में एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है जिसे देखकर बच्चे अति उत्साहित हैं। शहरी क्षेत्र इटारसी में 0 से 5 वर्ष तक के 17,782 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य दिया गया है, जिसे 23 24 एवं 25 जून को अभियान के रूप में पूर्ण किया जाएगा।

# पिपरिया प्रवास पर नवनिर्वाचित सांसद का नागरिकों ने तिलक लगाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

विधानसभा क्षेत्र से पहली बार लोकसभा में पहुंचे सांसद दर्शन सिंह चौधरी का पिपरिया प्रवास के दौरान अनेक जगहों पर नागरिक अभिनंदन किया गया तथा जगह-जगह स्वागत किया गया। इसी दौरान ग्राम पंचायत बांसखेड़ा के स्थाई निवासी पूर्व जनपद अध्यक्ष आरती अर्जुन लाल पलिया के द्वारा अपने निज निवास पर का तिलक लगाकर सांसद विधायक एवं जिला अध्यक्ष का पुष्प हार तथा शाल श्रीफल से सम्मान किया गया पलिया परिवार के द्वारा सांसद दर्शन सिंह चौधरी को आरती अर्जुन लाल पलिया के द्वारा ललाट पर तिलक लगाकर पुष्प हार के साथ साल श्री फल से अभिनंदन किया तो वहीं पर विधायक ठाकुरदास नागवंशी का भी नागरिक अभिनंदन पलिया परिवार के द्वारा किया गया तथा भाजपा जिला अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल का भी तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया दौरान अनेक



ग्रामीण जनों के साथ पूर्व विधायक अर्जुन लाल पलिया सतपाल पलिया समाजसेवी समस्त बलिया परिवार उपस्थित रहा। वहीं पर दर्शन चौधरी ने बलिया परिवार के द्वारा निर्वाचन के दौरान अथक प्रयास कर विजई बनाया इसके लिए भी उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए आशीर्वाद लिया।

# मोहल्ला समिति ने पर्यावरण संरक्षण के लिए किया पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी



विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के पेड़ लगाओ जीवन बचाओ संकल्प से प्रेरित होकर मोहल्ला समिति वार्ड क्रमांक 23 अहिल्या नगर के सदस्यों ने वार्ड पार्षद, लोक स्वास्थ्य सभापति राकेश जाधव के मार्गदर्शन में बालाजी मंदिर के पीछे स्थित स्थल पर नीम, गुलमोहर, वील, वट आदि के 20 वृक्षों के पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष पंकज चौरे की उपस्थिति रही। नपाध्यक्ष चौरे ने अपने उद्बोधन में मोहल्ला समिति अहिल्या नगर के समाज एवं पर्यावरण हितैषी कार्यों की सराहना करते हुए वृक्षारोपण स्थल की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल बनाने की घोषणा की। नपा अध्यक्ष ने कहा की आगामी समय में मोहल्ला समिति के वृक्षारोपण के लिए सुझाव स्थलों के साथ-साथ नगर के अनेक भागों में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम को राजकुमार दुबे, प्रकाश ताम्रकार, राजेंद्र दुबे ने संबोधित किया एवं जलवायु परिवर्तन की रोकथाम के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम को समय की मांग बतलाया। समिति के 100 वृक्षों के वृक्षारोपण करने के अभियान की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन वार्ड पार्षद राकेश जाधव ने किया एवं आभार मुकेश मैना ने माना। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डब्लू यादव की सराहनी भूमिका रही। प्रकाश ताम्रकार, एमएस कपूर, राजेंद्र दुबे, ब्रजमोहन सिंह मीना, अनूप तिवारी, मुकेश दुबे, हैप्पी शर्मा राजेंद्र चतुर्वेदी, अमित भाट, सुनील दुबे, प्रदीप सोनिया आदि मौजूद रहे।

### विकासखंड स्तरीय बैठक में हुई विकास कार्यों की समीक्षा

# बारिश में कहीं भी जल भराव न हो: सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम



होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी की अध्यक्षता में गत दिवस जनपद पंचायत पिपरिया के सभाकक्ष में विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद चौधरी ने विकासखंड पिपरिया एवं बनखेड़ी में प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पिपरिया एवं बनखेड़ी को निर्देशित किया है कि समस्त ग्राम पंचायत में लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें विशेष तौर पर बारिश पूर्व नाली निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। सांसद द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा की गई उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नल जल योजना के लिए ग्रामों में सड़को के बीच में या कोने से खुदाई कार्य होने के कारण जो सड़के क्षतिग्रस्त होती है उनका समय पर मरम्मतीकरण किया जाए। उन्होंने खुदाई कार्य पूर्ण होने पर संबंधित सड़को की मरम्मत न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने कहा है कि एक ग्राम को मॉडल के रूप में तैयार करें। सभी ग्रामों की नलजल योजनाओं में जो वाल्ब कार्य नहीं कर रहे है उन्हें तत्काल बदला जाए। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए सांसद श्री चौधरी ने कहा है कि अनुभाग पिपरिया अंतर्गत ग्रामों में जहां सर्विस स्टेशन स्वीकृत है उनका निर्माण कार्य शीर्घ आरंभ कराया जाए। जहां भूमि की उपलब्धता नहीं है वहां जनप्रतिनिधि से संपर्क कर भूमि दान लेने की प्रक्रिया कराकर सर्विस स्टेशन का कार्य पूर्ण करावें। जिससे ट्रांसफार्मर जलने की समस्या कम से कम हो तथा किसानों को बिजली पर्याप्त मात्रा में मिल सके। उन्हानें ग्रामों में ओवरलोड के कारण ट्रांसफार्मर जलने की समस्या के संबंध में अधिकारियों का निर्देशित किया है कि ऐसे ट्रांसफार्मर को 3 दिवस के अंदर बदलने की व्यवस्था एवं आवश्यक संख्या में ट्रांसफार्मर की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

### ईमानदारी की मिशाल पेश की

# टेंट संचालक को मिली दूल्हे की अंगूठी, वापिस कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶शोभापुर



कहावत है कि यदि तुम्हारा हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या , सारा संसार तुम्हारे सम्मुख हथियार डाल देगा । आटा श्री के शुभम राणा ने बताया कि सोहागपुर निवासी अंकित पटेल की शादी में उनकी अंगूठी गुम गई थी । गौर तलब हो कि सैनिक अंकित पटेल की शादी में टेंट का काम रौनक टेंट हाउस ने किया था । टेंट संचालक जब टेंट अपना ला रहे थे उसी दौरान उन्हें अंगूठी वहां मिली । लेकिन उस दौरान दूल्हे अंकित पटेल को शायद अपनी अंगूठी गुमने का ख्याल नही रहा । टेंट संचालक ने कुछ दिन पहले उनके घर वालों से संपर्क कर के बताया कि एक अंगूठी मुझे मिली है आपकी शादी के दौरान जिस किसी की हो वह आकर ले ले । तब आज अंकित के जीजा राम शाहब पटेल निवासी मोकलवाड़ी ने पुलिस के सामने टेंट संचालक से अपनी अंगूठी प्राप्त की। जावेद की इस ईमानदारी की खबर लगने पर लोगो ने उनके इस व्यवहार की सराहना की ।

## ग्वालटोली के युवक की संदिग्ध मौत, विवेचना जारी

**नर्मदापुरम।** ग्वालटोली क्षेत्र में रहने वाले एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार युवक को गंभीर अवस्था में परिजनों द्वारा जिला चिकित्सालय लाया गया था। कोतवाली पुलिस अनुसार युवक ने जहरीला पदार्थ का सेवन किया है। कोतवाली थाने में मामले की जांच कर रहे एएसआई सुनील जोशी ने बताया कि युवक का नाम अजय कुमार पिता रामराज 20 साल है। उन्होंने बताया कि अभी परिजनों के आरंभिक बयान लिए गए हैं। इसमें साफ हुआ है कि युवक की शादी नहीं हुई थी। वह मजदूरी करता था। एएसआई सुनील जोशी ने बताया कि युवक का पीएम कराया गया है। अभी उसकी रिपोर्ट नहीं आई है।


**आवश्यक सूचना**

**जलादिवासी मर्यादित सहकारी समिति महुआ के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु आज दिनांक 22/6/24 को आमसभा की सूचना एवं निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया जा रहा है जो नियम अनुसार है।**

| क्रमांक | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | एक आम सभा की सूचना एवं निर्वाचन कार्यक्रम जारी करने की तिथि | 22/06/24 |
| 2. | नामांकन प्रस्तुत करने की तिथि | 29/06/24 |
| 3. | नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन की तिथि | 30/06/24 |
| 4. | नामांकन पत्रों की वापसी एवं चुनाव लड़ने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हो का आवंटन | 01/07/24 |
| 5. | विशेष साधारण सम्मेलन में मतदान एवं मतगणना की तिथि | 07/07/24 |
| 6. | अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों के निर्वाचन की सूचना की तिथि | 08/07/24 |
| 7. | अध्यक्ष उपाध्यक्ष व अन्य संस्थाओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन की तिथि | 11/07/24 |

**पुनीत रघुवंशी रिटर्निंग अधिकारी**
**जलादिवासी महुआ सहकारी समिति मर्यादित**
**पिपरिया पंजीयन क्रमांक 2193**

## पुलिस ने 2 कार के साथ 1 देशी कट्टा और 3 जिंदा कारतूस किए जब्त

# 5 लाख कीमत की एमडी ड्रग्स के साथ पुलिस ने किया जिलाबदर आरोपी, 2 आरोपी आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सिविल लाइन थाना पुलिस से जिला बदर व आबकारी एक्ट सहित करीब 17 मामलों के आरोपी सौरभ विश्नोई व देशी कट्टा लेकर घूम रहे दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

शनिवार शाम को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एडिशनल एसपी आरडी प्रजापति ने बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र का जिला बदर,आबकारी एक्ट में फरार सहित अन्य 17 मामले में आरोपी सौरभ पिता परमानंद विश्नोई निवासी रेवापुर बीते कई महीनों से फरार चल रहा था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी। आरोपी सौरभ विश्नोई बिना नंबर की सफेद रंग की कार जिसमें काली फिल्म लगी हुई है, जो नहाड़िया से हरदा की तरफ आ रही है। जिस पर पुलिस ने नहालखेड़ा पुलिया पर मुखबिर के बताई जानकारी के अनुसार आवाज देकर रोका। इस दौरान चालक के गाड़ी से बाहर नही आने पर पुलिस ने गाड़ी का दरवाजा खोला। जिसमें छह माह के लिए जिला बदर का आरोपी बैठा पाया गया। जब उसकी तलाशी ली गई तो आरोपी के पेंट की दाहिनी ओर जेब में एक प्लास्टिक की पन्नी में भूरे सफेद रंग का पाउडर मिला। उन्होंने बताया कि आरोपी रात के अंधेरे में आकर हरदा में गुंडागर्दी कर इंदौर और उज्जैन से खरीदकर लाए गए एमडी पाउडर को बेचता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पांच लाख रुपए मूल्य के 25 ग्राम एमडी पाउडर के साथ हिरासत







में लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ राष्ट्रीय राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 1980 की धारा 14 सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है। इसके साथ ही दो आरोपियों को एक देशी कट्टे ओर तीन जिंदा कारतूस के किया गिरफ्तार। एएसपी प्रजापति ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी सौरभ विश्नोई के दो साथी जिनकी गाड़ी मा रेवा सिलिकॉन सिटी के पास समृद्धि शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पास खड़ी हुई है। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसमें दो युवक बैठे मिले। जिसमें एक आरोपी दीपेश पिता अशोक विश्नोई की तलाशी लेने पर उसकी जेब से दो जिंदा कारतूस व दूसरे आरोपी दीपक पिता लक्ष्मी नारायण विश्नोई के पास से एक कारतूस भरा एक देशी कट्टा जब्त किया गया है।

## 35855 किसानों ने कराया पंजीयरन

# प्रशासन ने किया किसानों के घर जाकर मूंग उपज का भौतिक सत्यापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में मूंग खरीदी शुरू होने से पहले ही प्रशासन ने किसानों के घर जाकर मूंग उपज का भौतिक सत्यापन कलेक्टर के निर्देश पर शुरु किया है। सरकार ने समर्थन मूल्य पर 18 जून से खरीदी शुरु करना प्रस्तावित किया था। लेकिन, अब तक खरीदी को लेकर कोई निर्देश जिला प्रशासन को नहीं मिले हैं।

उधर, जिले की चारों मंडियों में 15 मई से लेकर 21 जून के बीच 26 हजार 255.20 टन मूंग की खरीदी हो चुकी है। जबकि जिले के 35 हजार 855 किसानों ने समर्थन मूल्य पर मूंग की बिक्री के लिए पंजीयन कराया है। वहीं जिले में इस साल 1 लाख 5 हजार 42 हेक्टेयर में किसानों ने मूंग की फसल का उत्पादन किया गया है। समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी से पहले कलेक्टर आदित्य सिंह ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्र के मूंग उत्पादक किसानों के यहां उत्पादित मूंग और किसानों की बोई गई मूंग के रकबे की जानकारी का सत्यापन करें। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था इसलिए लागू की गई है, ताकि केवल वास्तविक मूंग उत्पादक किसान को ही समर्थन मूल्य की सुविधा का लाभ मिल सके। तहसील हरदा हंडिया, टिमरनी खिरकिया अंतर्गत मूंग उपार्जन के लिए गांवों में भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। ग्राम सालाबेड़ी, बड़नगर, पड़वा, तहसील सिराली के ग्राम रामपुरा, आमासेल, दीपगांव कला और कडोला राधों के बड़े किसानों के मूंग स्टॉक का सत्यापन किया गया। हंडिया के अपर तहसीलदार आर के झरबडे ने ग्राम दीपगांव में मूंग का सत्यापन किया। इस दौरान अधिकारियों ने इस बात का सत्यापन किया कि किसानों ने मूंग के बोये गए और पंजीयन कराये गए रकबे के अनुसार ही वर्तमान मे मूंग का स्टॉक उनके पास है या नहीं।

# नशामुक्ति अभियान : पुलिस कंट्रोल रूम में एनजीओ की बैठक

## मादक पदार्थों की तस्करी रोकने व नशे के प्रति जागरूकता की अपील



**बुरहानपुर**। पुलिस विभाग 20 से 26 जून तक नशामुक्ति जन जागृति अभियान चला रहा है। इसके तहत शनिवार रात स्थानीय पुलिस कंट्रोल रूम में शहर के एनजीओ संचालकों के साथ बैठक हुई। जिसमें पुलिस अफसरों ने अपील की कि मादक पदों की तस्करी रोकने, आमजन में जन जागृति पैदा करने के लिए पुलिस विभाग का सहयोग किया जाए। आमजन को शपथ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस दौरान चर्चा की गई कि किस प्रकार अमजन को मादक पदार्थों के उपयोग से दूर रखा जाए। किस तरह नशे से होने वाले अपराधों की की रोकथाम की जा सके। बैठक में कोतवाली थाना प्रभारी सीताराम सोलंकी, निरीक्षक अभिषेक जाधव, यातायात प्रभारी नागेन्द्र सिंह ठाकुर सहित काफी संख्या में एनजीओ संचालक मौजूद थे। सभी ने पुलिस प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि पुलिस विभाग द्वारा 20 जून से नशामुक्ति को लेकर प्रतिदिन जागरूकता अभियान आयोजित किए जा रहे हैं।

# कलेक्टर और विधायक ने बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

## पल्स पोलियो अभियान के तहत 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को दवा पिलाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को हरदा जिले के विभिन्न पोलियो बूथ पर 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। जिला चिकित्सालय हरदा मे बनाए गए पोलियो बूथ पर कलेक्टर आदित्य सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया के साथ-साथ अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गोड़ा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर डी प्रजापति ने भी बच्चों को पोलियो निरोधक दवा पिलाई।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एच पी सिंह तथा सिविल सर्जन डॉक्टर मनीष शर्मा,जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर शैलेंद्र परिहार व लायंस क्लब के प्रतिनिधि और स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने की शपथ भी दिलाई गई। इससे पूर्व कलेक्टर सिंह एवं अन्य आतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। पल्स पोलियो अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय में बनाए गए पोलियो बूथ पर पहुंच कर हरदा के विधायक डॉ. आर के दोगने ने भी बच्चों को पोलियो निरोधक दवा पिलाई।



## बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाई

**रहटगांव**। क्षेत्र में रविवार को रहटगांव, प्राथमिक स्वास्थ केंद्र, एवं तहसील के समस्त ग्रामों में स्थानों में पल्स पोलियो अभियान के तहत दो बूंद जिंदगी की दवा पिलाई गई। इसके लिए दो दिन पहले ही प्राथमिक स्वास्थ केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता सहित विभागीय कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।



## 29457 बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

# पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिवस 50% लक्ष्य प्राप्त किया



**झिरन्या**। शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और अन्य सेंटर्स पर 23 से 25 जून तक पल्स पोलियो अभियान की रविवार को शुरुआत हुई। जिसका शुभारंभ जनप्रतिनिधियों ने जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर किया। इस अवधि में स्वास्थ्यकर्मी पहले दिन बूथ पर और फिर घर-घर दवा पिलाएंगे और प्रति दो घंटे में इसकी समीक्षा की जा रही है। इस दौरान 29457 बच्चों को 270 टीमों द्वारा लक्ष्य पूर्ति की जाएगी। इस अभियान के निरीक्षण के लिए 25 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। साथ ही, ब्लॉक मेडिकल आफिसर, बीईई, बीपीएम, बीसीएम, फोकल पांईट प्रभारी, डाटा इंट्री आपरेटर व अन्य सभी कर्मचारियों द्वारा इस अभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। बीएमओ डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि रविवार शाम तक 50% लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है।

# अंशुल गौर का यूपीएससी में 17वीं रैंक प्राप्त करने पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



26 वर्षीय अंशुल गौर ने यूपीएससी के प्रथम प्रयास में 17वीं रैंक प्राप्त कर माता-पिता, समाज और खंडवा, हरदा सहित पूरे मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है। इस सफलता के लिए खंडवा पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। अंशुल गौर के जीजा मनीष गौर, बड़ी बहन डॉक्टर अनुपमा गौर वत्सला विहार निवासी खंडवा आदि ने ढोल-बाजे बजाकर, तिलक लगाकर और फूलों की माला से उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्हें हार्दिक बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। स्वागत समारोह में मनीष गौर, समाज के जेपी गौर, मुकेश गौर, नगेंद्र राठौर आदि ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

अंशुल गौर को उनकी इस उल्लेखनीय सफलता के लिए दिल्ली में कोचिंग क्लास के प्रधान द्वारा भी सम्मानित किया गया। वर्तमान में अंशुल बड़ोदरा, गुजरात में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन में प्रथम श्रेणी के अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। जल्द ही वे यूपीएससी से प्रशिक्षण आरंभ करेंगे।

# भक्तों ने छोड़ी यज्ञ में आहुतियां

**हरदा**। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा चलाए जा रहे जन जागृति एवं वातावरण शोधन के लिए पंच कुंडीय यज्ञ की श्रृंखला में गायत्री शक्तिपीठ हरदा ने रविवार को नर्मदा कॉलोनी के नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में विश्व कल्याण और क्षेत्र में अच्छी बारिश की कामना को लेकर हवन किया गया। जिसमें शामिल श्रद्धालुओं ने अपने परिवार, समाज,जिले एवं देश की सुख समृद्धि की कामना को लेकर हवन कुंड में आहुतियां छोड़ी। इस अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ के मुख्य ट्रस्टी ऋषि पारे ने पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के बताए सद मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज में सुधार स्वयं के सुधरने से आएगा।जिसके लिए हम सुधरने युग सुधरेगा, समय दान, अंश दान पर विचार रखें। साथ ही कहा कि हवन में शामिल होगा बहुत ही फलदायी होता है। जब परमात्मा की कृपा होती है तो हम हवन के साक्षी बन पाते हैं, जबकि कई लोग पास होने के बावजूद भी इस तरह के जन कल्याण के आयोजन में शामिल नहीं हो पाते। इस अवसर पर कुसुम एवं किरण गौर ने यज्ञ हवन का कार्यक्रम संपन्न कराया।

वहीं गायत्री परिवार से जुड़े जीपी आंजने ने गुरुदेव के बताए 18 संकल्पों की व्याख्या कर उन्हें जीवन में अमल करने को लेकर की अपील की। मंदिर समिति के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास ने आयोजन में शामिल सभी श्रद्धालुओं एवं हवन कार्यक्रम को सम्पन्न कराने वाले गायत्री परिवार से जुड़े सदस्यों का आभार जताया। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ हरदा के पूर्व मुख्य न्यासी सियाराम गौर, रतन किशोर अग्रवाल, प्रभु दयाल गौर, भगवान सिंह सोलंकी, सुनीता अग्रवाल, अमृता सराफ, रेखा चौरे,चंद्रशेखर टिकरिया,शैलेन्द्र पाराशर, रामचंद्र सोनी आदि मौजूद रहे।



## सिख समाज ने मनाया प्रकाश पर्व, गुरु का अटूट लंगर हुआ

**झिरन्या**। सिक्ख धर्म के छठवें गुरु हरगोबिंद साहेब का पावन प्रकाश पर्व श्री गुरुसिंघ सभा द्वारा मनाया गया। जिसमें रविवार सुबह 8 बजे श्री अखंड पाठ साहेब की समाप्ति बाद कीर्तन गुरु इतिहास समागम किया गया। इस दौरान पंजाब से आए कथावाचक ने गुरु इतिहास महिमा सुनाई और श्री गुरु सिंघ सभा खंडवा के हजूरी जत्थे के भाई ईश्वर सिंघ और साथियों ने कीर्तन हाजरी भरी। अरदास समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर भंडारा हुआ। जिसकी सेवा मनदीप सिंघ राजेंदरपाल सिंघ भाटिया परिवार ने की। इसी तरह शाम 7 बजे से भी कीर्तन कथा समागम हुआ। जिसमें इंदौर प्रताप नगर से आए सूरज सिंघ और साथियों द्वारा गुरु जसगान कीर्तन हाजरी भरी गई। 9 बजे समाप्ति बाद गुरु के अटूट लंगर की सेवा हुई, जिसमें सैकड़ों लोगों द्वारा भंडारा प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में विशेष रूप से समाज के वरिष्ठ जिन्दर सिंघ गुरबीर सिंघ शरंनजीत सिघ राजेंदरपाल सिंघ तिरथ सिंघ मंगल सिंघ देवेंन्दर सिंघ अमृतपाल सिंघ प्रीतपाल सिंघ इन्दरजीत सिंघ रिंन्कू भाटिया और स्त्री सतसंग की बहनें गुरजिंदर कौर, चरणजीत कौर, गुरदीप कौर परमजीत कौर सहित बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

# 24 घंटों में जिले में 18 मिमी औसत वर्षा

**हरदा**। जिले में गत चौबीस घंटों में 18 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 53.1 मि.मी., टिमरनी में 17.4 मि.मी., खिरकिया में 1.4 मि.मी., रहटगांव में 0 मि.मी. व सिराली में 18.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 67.7 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 111 मि.मी., टिमरनी में 49.6 मि.मी., खिरकिया में 20.8 मि.मी., रहटगांव में 73.4 मि.मी. व सिराली में 83.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 23 जून तक 25.4 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

# नगर में इस वर्ष होगा चातुर्मास, दिगम्बर जैन समाज में हर्ष की लहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

वर्षाकाल प्रारंभ होते ही दिगम्बर जैन संतों के चातुर्मास प्रारंभ हो जाते हैं। वर्षाजनित सूक्ष्म जीवों की हिंसा के पाप से बचने के उद्देश्य से जैन संत साध्वियां एक ही स्थान पर वर्षा काल में चार माह तक रहकर धर्म प्रभावना व आत्म साधना करते हैं। चातुर्मास में एक ओर जहां समाज को धर्म व संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है, वहीं दूसरी ओर संत भी कठोर तप, संयम, प्रतिक्रमण आदि द्वारा अपनी मुनिचर्या को प्रगाढ़ करते हैं। समाजजन भी पूर्ण भक्ति भावपूर्वक अपने नगर में साधु साध्वियों का चातुर्मास कराकर अपनी गुरु भक्ति और धर्म प्रभावना को मजबूत करते हैं।

समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि खंडवा की दिगम्बर जैन समाज द्वारा मुनि सेवा समिति के माध्यम से प्रत्येक 2-3 वर्ष के अंतराल से नगर में चातुर्मास कराये जाते हैं। वर्ष 2022 में समिति द्वारा आचार्य विरागसागर की शिष्या क्षुल्लिका द्वय विस्मिताश्री एवं विगम्या माताजी का सफल चातुर्मास कराया गया था। जिसमे विधान, प्रवचन, पूजन, शिक्षण शिविर आदि विभिन्न धार्मिक आयोजनों के माध्यम से महती धर्म प्रभावना की गई थी।

मुनि सेवा समिति के प्रचार मंत्री सुनील जैन प्रेमांशु जैन ने में बताया कि खंडवा समाज को इस वर्ष पुनः मुनिराज का समागम मिले इसी भावना से मुनि सेवा समिति द्वारा शनिवार को जबलपुर पहुंचकर युवा मुनि आस्तिक्यसागर एवं प्रणीतसागर को श्रीफल भेंटकर खंडवा में चातुर्मास करने का निवेदन किया। प्रतिनिधिमंडल के रूप में अर्पित जैन, प्रवीण सेठी, महेश जैन, कल्याण जैन, भरत छाबड़ा, दौलतराम जैन, गौरव जैन, सचिन जैन ने जबलपुर के बोर्डिंग जैन मंदिर में विराजमान मुनि संघ को नमोस्तु निवेदन करते हुए श्रीफल भेंटकर खंडवा में चातुर्मास के लिए अनुरोध कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## सतियारा श्मशान घाट पर टीनशेड नहीं होने से आक्रोश

**सतियारा घाट पर पुतला दहन**

# निगम कमिश्नर की सांकेतिक शव यात्रा निकालकर दर्ज कराया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

बारिश का मौसम लग चुका है, लेकिन श्मशान घाट में छत नहीं होने के कारण आने वाले दिनों में लोगों को शव दहन करने में परेशानी आएगी। इस समस्या को देखते हुए कुछ लोगों ने आक्रोश स्वरूप रविवार शाम नगर निगम कमिश्नर की सांकेतिक शव यात्रा निकाली, जिसमें राम नाम सत्य है का उच्चारण करते हुए सतियारा घाट तक ले जाकर पुतला दहन किया गया।

बुरहानपुर मजदूर यूनियन अध्यक्ष ठाकुर प्रियंक सिंह ने कहा कि श्मशान घाट पर शेड होना अनिवार्य होता है। अगर बारिश का मौसम है तो शव का अंतिम संस्कार करते समय बारिश आने पर जलता हुआ शव बुझना नहीं चाहिए। मानसून सिर पर है परंतु सतियारा घाट श्मशान घाट पर शेड, छत की कोई व्यवस्था नहीं है। नगर निगम कमिश्नर संदीप श्रीवास्तव केवल कार्यक्रमों में शिरकत कर फोटो सेशन में



व्यस्त रहते हैं। शहरवासी बारिश के मौसम में अंतिम संस्कार कैसे करेंगे इसकी उनको सुध नहीं है। ठाकुर प्रियंक सिंह ने बताया श्मशान घाट का रखरखाव नगर निगम बुरहानपुर करता है। यहां पर क्या सुविधाएं हैं किसकी आवश्यकता है इन सबको देखने का कार्य निगम अधिकारियों का है। किसी का ध्यान मूलभूत आवश्यकताओं पर नहीं है।

### नगर के घेराव की दी चेतावनी

हिंदू जागरण मंच जिला सह संयोजक भूषण सूर्यवंशी ने कहा नगर निगम द्वारा की जा रही इस अनदेखी से सभी शहरवासी परेशान हैं। इसीलिए नगर निगम कमिश्नर की सांकेतिक शव यात्रा निकाली गई है और उनके पुतले को श्मशान घाट में दहन किया है। अगर नगर निगम जल्द ही श्मशान घाट पर शेड का निर्माण नहीं करता है तो आने वाले दिनों में नगर निगम का घेराव किया जाएगा। इस दौरान विक्की मराठा, लोकेश डाले, उमेश बारी, मलेश काले, शुभम कोगे, नितेश काले, अर्जुन चौहान, हरीश काले, पवन चौहान आदि मौजूद थे।

### सांसद निधि से दो दिन पहले ही काम चालू हुआ

इसे लेकर नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने कहा दो दिन पहले ही काम चालू हुआ है। ठेकेदार ने गड्ढे भी खोद दिए हैं। विरोध करने से पहले उन्हें वास्तविक स्थिति का पता करना चाहिए था। आयुक्त ने कहा सांसद ने विशेष निधि से 10 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की है जिसके टेंडर चुनाव के पूर्व हो गए थे। काम प्रारंभ हो चुका है।